प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में 13 नवंबर को 43 सीटों पर होनेवाले पहले चरण के चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की आज होगी जांच, 30 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे प्रत्याशी।
2. झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आज चलेगा मम्मी पापा वोट दो अभियान, स्कूलों में छात्र अपने माता–पिता को लिखेंगे पत्र।
3. 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार से, झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी डुमरी से तथा एनडीए और इंडी गठबंधन के कई प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन ।
4. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इरफान अंसारी के द्वारा सीता सोरेन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में भाजपा ने राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की।
5. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को किया याद, देशवासियों से अपने विचार हैशटेग बिरसा मुंडा 150 पर साझा करने की अपील की।

******************

झारखंड में पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन पत्रों की जांच आज होगी। इस चरण के मतदान के लिये कुल आठ सौ पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये है। 13 नवंबर को 43 निर्वाचन क्षेत्रों में पहले चरण के लिए मतदान होगा। 30 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। वहीं मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। इस बीच राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से अलग–अलग हिस्सों में तलाशी अभियान के दौरान 57 करोड 67 लाख रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गई है। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के तहत 19 प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं।

******************

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मम्मी–पापा वोट दो अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत राज्य के सभी मध्य और उच्चतर विद्यालयों के कक्षा 6–12 के बच्चे आज अपने माता–पिता के नाम मतदान करने के लिए पत्र लिखेंगे। स्कूलों में पत्र लेखन कार्यक्रम आज पूर्वाहन 11 से 12 बजे के बीच होगा।

******************

राज्य में दूसरे चरण के चुनाव के लिए 38 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया जारी है। गिरिडीह में आज सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। धनवार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी नामांकन दाखिल करेंगे।नामांकन के बाद एक सभा होगी जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा और भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय उपस्थित रहेंगे। गिरिडीह से भाजपा प्रत्याशी निर्भय कुमार शहाबादी भी नामांकन दाखिल करेंगे। उनके नामांकन कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहेंगे।

******************

डुमरी विधानसभा सीट से झामुमो की प्रत्याशी और राज्य की महिला एवम बाल विकास मंत्री बेबी देवी नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन के समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। आज ही आजसू प्रत्याशी के रूप में डुमरी से यशोदा देवी नामांकन दाखिल करेगी।इस मौके पर भाजपा और आजसू के कई बड़े नेता उपस्थित रहेंगे।

इन सीटों पर नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को होगी तथा एक नवंबर तक नाम वापस लिया जा सकेगा। दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे।

******************

13 नवम्बर को गुमला जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरी की जा रही है।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश के लोगों के साथ अपने विचारों को साझा करते हुए भगवान बिरसा मुण्डा के योगदान को याद किया। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष 15 नवम्बर को धरती आबा की 150वी जयन्ती मनाई जाएगी। इसे हम सभी मिलकर यादगार बनाए। श्री मोदी ने कहा कि साहस और दूरदर्शिता वाले महानायक भगवान बिरसा मुंडा का विजन पूरे देश के लिए प्रेरण स्त्रोत है। श्री मोदी ने लोगों से भारत के लौह पुरुष सरदार पटेल पर अपने विचार #Sardar150 के साथ और धरती–आबा बिरसा मुंडा पर अपने विचार #BirsaMunda150 के साथ साझा करने का आग्रह किया।

******************

सीता सोरेन के खिलाफ विवादित बयान देने के मामले में भाजपा ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलकर राज्य के मंत्री इरफान अंसारी को बर्खास्त करने और उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की मांग की है। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा के एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की है।

******************

केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिहं चौहान ने कहा कि झारखंड में महिलाएं असुरक्षित हैं। श्रीचौहान ने कहा कि सीता सोरेन भाजपा की सम्मानित नेता हैं। उनका अपमान झामुमो सरकार के महिला विरोधी रवैये को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन हैं, उसी सरकार का एक मंत्री उनकी भाभी का अपमान कर रहा है। हेमंत सरकार इन मामलों पर लापरवाह है। उन्होंने कहा कि राज्य में मां, बहनों और बेटियों का हर दिन अपमान हो रहा है। श्रीचौहान ने कहा कि चुनाव में झामुमो–कांग्रेस का लंका दहन तय है।

******************

मंत्री इरफान अंसारी की टिप्पणी के खिलाफ सीता सोरेन ने कहा कि उनके बयान से न सिर्फ महिलाएं बल्कि आदिवासी समाज की भावना भी आहत हुई है।

******************

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने भी इरफान अंसारी के बयान की निंदा की है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम और मंत्री इरफान अंसारी के बयान पर बवाल की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के दौरान भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती वर्ष को जीवंत बनाने के आह्वान की खबर को प्रमुखता दी है ।

दैनिक भास्कर ने श्रीमोदी के हवाले से लिखा है– डिजिटल अरेस्ट से डरे नहीं, रुकें सोचें और एक्शन लें।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान ने झामुमो के आरोप की खबर को सुर्खी बनायी है, जिसका शीर्षक है दलों के दंगल की आंच आयोग तक।

वहीं दैनिक जागरण ने सीता सोरेन के हवाले से लिखा है –पति नहीं है तो क्या मुझे अपमानित किया जायेगा।